केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित
(पूर्व में राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, मानित विश्वविद्यालय
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन)
56–57, सांस्थानिक क्षेत्र, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058

Central Sanskrit University
Established by an Act of Parliament
(Formerly Rashtriya Sanskrit Sansthan, Deemed to be University
Under Ministry of Education, Govt. of India)
56-57, Institutional Area, Janakpuri, New Delhi-110058

फा. नं. 16-1/CSU/Acd./ Aff./2025 / 06

दिनांक- 06.04.2026

सेवा में,

प्राचार्य/निदेशक
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
समस्त सम्बद्ध विद्यालय/महाविद्यालय

विषयः विद्यालय/महाविद्यालय के सम्बद्धता नवीनीकरण हेतु वार्षिक शुल्क भेजने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा आपके विद्यालय/महाविद्यालय को सम्बद्धता प्रदान की गई है। विश्वविद्यालय के नियमानुसार समस्त सम्बद्ध विद्यालयों/महाविद्यालयों से प्रत्येक वर्ष सम्बद्धता नवीनीकरण शुल्क लिया जाना अनिवार्य है।

एतदर्थ आपको सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक **सत्र 2026–27** हेतु केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध पाठ्यक्रमों के अनुसार सम्बद्धता नवीनीकरण शुल्क कक्षावार संलग्न शुल्क संरचना (Fee Structure) के अनुसार देय होगा **(संलग्न)।**

सम्बद्धता नवीनीकरण शुल्क **समर्थ पोर्टल** के माध्यम से **दिनांक 20.04.2026** तक ऑनलाइन जमा किया जाना है। निर्धारित समयावधि के भीतर शुल्क जमा करना सुनिश्चित करें, **जिससे छात्राओं के प्रवेश प्रक्रिया में कोई बाधा उत्पन्न न हो।**

अतः उपर्युक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

नोटः- 1. सम्बद्धता (Affiliation) के **नवीनीकरण का शुल्क जमा करने से पूर्व** यह जरूरी है कि **समर्थ पोर्टल (Samarth Portal) पर आपकी प्रोफाइल पूर्ण (100%) हो।**

2. जिन संस्थाओं को सत्र 2026-27 हेतु सम्बद्धता प्रदान की गई है उन्हें नवीनीकरण शुल्क देय नहीं है।

संलग्नः- 1. सम्बद्धता नवीनीकरण शुल्क संरचना (Fee Structure)
2. सम्बद्धता नवीनीकरण शुल्क समर्थ पोर्टल पर भरने की प्रक्रिया।

06/04/26

[डॉ. देवानन्द शुक्ल]
उप-निदेशक (शै.)

प्रतिलिपि सूचनार्थ :-

1. **कुलपति कार्यालय**, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली।
2. **कुलसचिव कार्यालय**, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली।
3. **प्रवेश प्रभारी**, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली।
4. **परीक्षा विभाग**, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली।
5. सम्बद्ध संचिका।